# जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, जगदलपुर

झंकार टॉकीज़ के पीछे, सिविल लाइन (केवरामुण्डा) वार्ड, जगदलपुर, जिला बस्तर (छत्तीसगढ़)

Website : www.dccbjagdalpur.com फोन : 07782-228152

Email : establishment@jskbjdp.com 07782-291346


**क्रमांक / स्थापना / 2632 / 2024-25** **जगदलपुर, दिनांक 16/12/2024**

## // आदेश //

कार्यालय पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, छत्तीसगढ़ के पत्र क्र./साख-2/सी.सी.बी./60/2023/1895/नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक 04/05/2023 द्वारा बैंक में सीधी भर्ती के रिक्त पदों पर भर्ती की अनुमति एवं पत्र क्रमांक/साख-2/न.क्र./86/2023/3264 दिनांक 23.08.2023 द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक एवं 06 जिला सहकारी केन्द्रीय बैंकों में रिक्त पदों पर भर्ती हेतु संयुक्त भर्ती परीक्षा आयोजन के लिए छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक को नोडल एजेंसी नियुक्त किया गया, तद्नुसार नोडल एजेंसी द्वारा छ.ग. राज्य सहकारी बैंक एवं 06 जिला सहकारी केन्द्रीय बैंकों में रिक्त पदों पर भर्ती हेतु संयुक्त भर्ती परीक्षा छ.ग. व्यावसायिक परीक्षा मण्डल के माध्यम से की जाकर संयुक्त भर्ती परीक्षा में सफल उम्मीदवारों को प्रावीण्य सूची अनुसार प्रमाणपत्रों के सत्यापन उपरान्त दावा आपत्ति के निराकरण पश्चात पात्र उम्मीदवारों के संयुक्त काउंसिलिंग में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, जगदलपुर हेतु चयनित उम्मीदवारों की सूची छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक मर्यादित रायपुर के पत्र क्रमांक छ.ग./मुख्यालय/अटल नगर/4105/दिनांक 08.11.2024 द्वारा प्राप्त हुई ।

उपरोक्तानुसार संयुक्त काउंसिलिंग में चयनित उम्मीदवारों की सूची बैंक स्टॉफ कमेटी की बैठक दिनांक 25/11/2024 में अनुमोदित की जाकर कमेटी में लिये गये निर्णय अनुसार चयनित उम्मीदवारों को प्रावीण्यता के आधार पर बैंक में समिति प्रबंधक (नवीन संवर्ग) पद पर वेतनमान 19500-62000 (L-4) (छ.ग.शासन द्वारा लागू सातवां वेतनमान एवं लेवल) में प्रारंभिक मूलवेतन 19500 प्रतिमाह एवं बैंक सेवा नियमानुसार अन्य भत्तों के लाभ पर अद्योलिखित शर्तों के अधीन कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से आगामी आदेश तक 03 वर्ष की परिवीक्षावधि पर अस्थायी रूप से नियुक्त करते हुए उनके नाम के सम्मुख दर्शाये गये स्थान (शाखा से संबद्ध आ.जा. सेवा सहकारी समिति मर्यादित) पर पदस्थ किया जाता है ।

| क्रं. | प्रावीण्य सूची क्रमांक | चयनित उम्मीदवारों के नाम | पिता/पति का नाम | वर्तमान पता | पदस्थी स्थान |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 180 | निखिल घोष | श्री निपेन घोष | H.No. 3, वार्ड नं. 8, ग्राम पंचायत बैकुंठपुर, पी.व्ही. 20, पोस्ट पी.व्ही. 26 तहसील पखांजूर, जिला कांकेर (छत्तीसगढ़) पिन 494776 | शाखा जगदलपुर समिति बड़ेमुरमा |
| 2 | 278 | टीकेश गवर्ना | श्री एम.एल. गवर्ना | H.No. 228, आवास पारा, ग्राम पंचायत कोरर, पोस्ट कोरर तहसील भानुप्रतापपुर, जिला कांकेर (छत्तीसगढ़) पिन 491441 | शाखा माकड़ी समिति छिनारी |
| 3 | 330 | सुराज साहा | श्री स्वपन साहा | पी.व्ही. 4, विवेकानंद नगर, पोस्ट छोटे कापसी, तहसील थाना पखांजूर, जिला कांकेर (छत्तीसगढ़) पिन 494771 | शाखा फरसगांव समिति बड़ेडोंगर |

क्रमशः ...

| क्रं. | प्रावीण्य सूची क्रमांक | चयनित उम्मीदवारों के नाम | पिता/पति का नाम | वर्तमान पता | पदस्थी स्थान |
|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 363 | नरेश्वर | श्री मालिकराम डडसेना | ग्राम पोस्ट गोंडबहाल (द्रूध डेयरी देवभोग), वार्ड क्रमांक 1, तहसील पिघोरा, जिला महासमूंद (छत्तीसगढ़) पिन 493551 | शाखा कोण्डागांव समिति बड़ेकनेरा |
| 5 | 364 | उमाकांत यादव | श्री योगेश कुमार यादव | वार्ड नम्बर 9, मकान नम्बर 191, अटल चौक भिलाई (चीचा), जिला बालोद (छत्तीसगढ़) पिन 491225 | शाखा फरसगांव समिति फरसगांव |
| 6 | 367 | रवि कुमार वर्मा | श्री बलदाऊ राम वर्मा | H.No. 159,कलई चौक, शिवाजी चौक, गांधी इंग्लिस मिडीयम स्कूल के सामने, आरंग, जिला रायपुर (छत्तीसगढ़) पिन 493441 | शाखा दुर्गूकोंदल समिति दुर्गूकोंदल |
| 7 | 372 | डेनियल कुमार | श्री रविकांत वर्मा | ग्राम पोस्ट भैंसातरा, तहसील राजनांदगांव, जिला राजनांदगांव (छत्तीसगढ़) पिन 491444 | शाखा भानुप्रतापपुर समिति भानुप्रतापपुर |
| 8 | 374 | मनोज कुमार सिन्हा | श्री बिसेलाल सिन्हा | वार्ड नम्बर 13, संजय नगर, डौंडीलोहारा, जिला बालोद (छत्तीसगढ़) पिन 491771 | शाखा भानुप्रतापपुर समिति केंवटी |
| 9 | 375 | सुधीर साहू | श्री रामेश्वर लाल | मकान नम्बर 66, वार्ड क्रमांक 5, धावड़ेटोला, पोस्ट गोटाटोला, जिला मोहला मानपुर अम्बागढ़ चौकी (छत्तीसगढ़) पिन 491666 | शाखा कांकेर समिति कांकेर |
| 10 | 378 | अरूण साहू | श्री सुखदाता साहू | मकान नम्बर 261, वार्ड नम्बर 6 गली नम्बर 4, शांति नगर, राजनांदगांव (छत्तीसगढ़)पिन 491441 | शाखा सरोना समिति सरोना |
| 11 | 379 | पिंग्लेश्वर कुमार | श्री अनिल कुमार | लक्ष्मी निवास चौक, गोकुलपुर, वार्ड नम्बर 23, धमतरी जिला धमतरी (छत्तीसगढ़) पिन 493773 | शाखा आवापल्ली समिति आवापल्ली |
| 12 | 380 | लाकेश कुमार टंडन | श्री विनय कुमार टंडन | ब्लॉक 77/F, रिसाली सेक्टर, इस्पात क्लब के पास, भिलाईनगर, जिला दुर्ग | शाखा दंतेवाड़ा समिति दंतेवाड़ा |

**शर्तें :-**

01. चयनित उम्मीदवार आदेश दिनांक से 15 दिवस के अंदर बैंक द्वारा निर्धारित समस्त शर्तों/ औपचारिकताओं की पूर्ति करते हुए अपनी उपस्थिति देकर कार्यभार ग्रहण करेंगे । उक्त अवधि तक उपस्थित नहीं होने पर यह माना जावेगा कि वे इस पद पर कार्य करने के इच्छुक नहीं है तथा उक्त दशा में संबंधित उम्मीदवार की नियुक्ति स्वयमेव निरस्त मानी जावेगी तथा उक्त पद पर नियमानुसार प्रतीक्षा सूची के उम्मीदवारों की नियुक्ति की जावेगी ।

**क्रमशः ...**

02. चयनित उम्मीदवार यदि किसी शासकीय/अर्द्धशासकीय/निगम/मण्डल/संस्थान एवं बैंक सेवा में पूर्व से कार्यरत हैं, वे अपने विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर कार्यभार ग्रहण करते समय बैंक में अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें ।

03. उपरोक्त परिवीक्षाधीन कर्मचारियों को जब प्रशिक्षण हेतु बुलाया जाए, तब वे अपनी उपस्थिति प्रशिक्षण स्थल में दे तथा प्रशिक्षण प्राप्त करें ।

04. चयनित उम्मीदवार (नियुक्ति पश्चात सेवायुक्त) का परिवीक्षा अवधि के दौरान कार्य एवं आचरण संतोषजनक पाए जाने पर नियुक्तिकर्ता अधिकारी द्वारा परिवीक्षा अवधि की समाप्ति के पश्चात उनको चयनित पद पर नियमित किया जा सकेगा ।

05. चयनित उम्मीदवार (नियुक्ति पश्चात सेवायुक्त) का परिवीक्षा अवधि में कार्य एवं आचरण संतोषजनक न पाए जाने पर अथवा अन्य कारणों से पदों के निरस्तीकरण की स्थिति में बैंक द्वारा उनकी सेवाएं लिखित आदेश द्वारा समाप्त की जा सकेगी ।

06. चयनित उम्मीदवार को कम से कम 03 वर्ष तक बैंक सेवा में रहने का अनुबंध ₹ 50.00 के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर निष्पादित करना होगा। अनुबंध में इस आशय का शपथ पत्र अनिवार्य रूप से देना होगा कि उन्हें विज्ञापन में प्रकाशित वेतनमान एवं सेवानियम के मापदण्ड एवं पात्रतानुसार बैंक में प्रचलित महंगाई एवं अन्य भत्ता संबंधी कंडिका निःशर्त स्वीकार होगी । (प्रारूप संलग्न है)

07. चयनित उम्मीदवार द्वारा सेवा की शर्तों को पूर्ण न करने अथवा बैंक के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक/नाबार्ड द्वारा निर्धारित वित्तीय मापदण्डों की पूर्ति नहीं होने की स्थिति में सीधी भर्ती के पदों पर चयन किये जाने वाले सेवायुक्तों को सेवा से पृथक किया जा सकेगा ।

08. किसी भी पक्ष द्वारा एक माह का नोटिस अथवा एक माह का वेतन व भत्ते देकर सेवा समाप्त की जा सकती है ।

09. चयनित उम्मीदवार को ₹ 50 (पचास रूपये) के स्टॉम्प पेपर पर दो व्यक्तियों का ₹ 50000/- (पचास हजार रूपये) का व्यक्तिगत जमानत प्रस्तुत करना होगा ।

10. चयनित उम्मीदवार को पंजीकृत एवं प्रमाणित बीमा कम्पनी से ₹ 50000/- (पचास हजार रूपये) की विश्वस्तता प्रत्याभूति (Fidelity Guarantee) प्रस्तुत करना होगा । प्रीमियम राशि का वहन वे स्वयं करेंगे ।

11. चयनित उम्मीदवारों को कार्य पर उपस्थिति के समय स्वास्थ्य प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा । उम्मीदवारों को सिविल सर्जन/जिला प्रमुख चिकित्सा अधिकारी से तथा महिला उम्मीदवार के मामले में महिला चिकित्सक से स्वास्थ्य परीक्षण करा कर इस आशय का प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा कि वे शासकीय/अर्धशासकीय/बैंक सेवा या पद के कर्त्तव्य पालन में बाधा डालने वाले किसी मानसिक या शारीरिक दोष से मुक्त है तथा वे किसी गंभीर रोग से पीड़ित नहीं है । यदि वे स्वास्थ्य की दृष्टि से अयोग्य पाये गये तो उनकी सेवायें तत्काल प्रभाव से समाप्त की जा सकेगी ।

12. चयनित उम्मीदवारों को अनुप्रमाणन फार्म 02 प्रतियों में प्रस्तुत करना होगा, जिसमें उम्मीदवार के द्वारा स्वयं से संबंधित जानकारी भरी जानी है। ये अनुप्रमाणन फार्म चरित्र सत्यापन हेतु पुलिस विभाग को प्रेषित किये जावेंगे। यदि चरित्र सत्यापन रिपोर्ट में पुलिस विभाग से विपरीत टीप प्राप्त होती है तो उनकी सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी जावेगी । इस आशय की स्पष्ट घोषणा उनके द्वारा उपस्थिति के समय बैंक को दिया जाना होगा।

13. चयनित उम्मीदवारों को उपस्थिति के समय दो राजपत्रित अधिकारियों द्वारा जारी चरित्र प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा । चरित्र सत्यापन में यदि सेवा के लिये अनुपयुक्त पाया गया तो सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी जावेगी ।

14. चयनित उम्मीदवारों को उपस्थिति के समय अपने शैक्षणिक योग्यता, जन्मतिथि, निवास प्रमाण-पत्र एवं अन्य आवश्यक प्रमाण-पत्रों की मूलप्रतियाँ सत्यापन हेतु प्रस्तुत करना होगा ।

**क्रमशः ...**

15. शैक्षणिक अथवा अन्य योग्यता संबंधी प्रमाण-पत्र किसी भी स्तर पर असत्य अथवा त्रुटिपूर्ण पाये जाने पर एवं अन्य किसी युक्तियुक्त कारणों से नियुक्ति निरस्त करने योग्य पाये जाने पर उम्मीदवार की नियुक्ति तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दी जावेगी, साथ ही ऐसे उम्मीदवार के विरूद्ध विधिक कार्यवाही किये जाने की अनुशंसा की जावेगी ।
16. भविष्य में किसी भी स्तर पर गबन, आर्थिक अनियमितता या अन्य कोई ऐसी बात जो उनके नियुक्ति के प्रतिकूल हो, प्रकाश में आने पर तत्काल प्रभाव से नियुक्ति निरस्त किया जा सकेगा ।
17. चयनित उम्मीदवार को कार्यभार ग्रहण करते समय बैंक कर्मचारी सेवा नियम के नियम 14 अनुसार अचल संपत्ति का विवरण प्रस्तुत करना होगा ।
18. चयनित उम्मीदवारों को बैंक की उपविधि अनुसार बैंक कार्यक्षेत्र के किसी भी जिले में पदस्थ किया जा सकता है ।
19. बैंक कर्मचारी सेवा नियम के अन्तर्गत प्रावधानित समस्त प्रावधान लागू होंगे ।
20. भविष्य में कोई विसंगति पाये जाने पर आदेश में संशोधन या निरस्तीकरण का अधिकार बैंक प्रबंधन के पास सुरक्षित होगा ।

**संलग्न : अनुप्रमाणन फार्म/शपथ/बंधन पत्र प्रारूप एवं अचल संपत्ति फार्म।**

**(कुंवर सिंह ध्रुव)**
**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**

**पृ०क्रमांक / स्थापना / 2632 / 2024-25** **जगदलपुर, दिनांक 16/12/2024**

**प्रतिलिपिः-**

01. **उपरोक्त चयनित उम्मीदवार क्रमांक 1 से 12 को पालनार्थ । चयनित उम्मीदवार को उक्त शर्तें मान्य हो तो वे आदेश दिनांक से 15 दिवस के अंदर उपरोक्तानुसार औपचारिकताओं की पूर्ति करते हुए अपनी उपस्थिति पदस्थी स्थान में देवें तथा सहमति पत्र भी देवें कि उन्हें नियुक्ति आदेश में उल्लिखित सभी शर्तें स्वीकार है ।**
02. कलेक्टर एवं प्राधिकृत अधिकारी, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, जगदलपुर की ओर सादर सूचनार्थ ।
03. आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, छत्तीसगढ़, विभागाध्यक्ष कार्यालय, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर की ओर सादर सूचनार्थ ।
04. कलेक्टर, जिला बस्तर, जगदलपुर/कोण्डागाँव/कांकेर/दन्तेवाड़ा/नारायणपुर/बीजापुर/सुकमा की ओर सादर सूचनार्थ ।
05. प्रबंध संचालक, छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक मर्यादित, रायपुर की ओर सादर सूचनार्थ ।
06. संयुक्त आयुक्त सहकारिता एवं संयुक्त पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, बस्तर संभाग जगदलपुर की ओर सादर सूचनार्थ ।
07. उप/सहायक आयुक्त सहकारिता एवं उप/सहायक पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला बस्तर/उ.ब. कांकेर/ नारायणपुर/कोण्डागाँव/द.ब. दंतेवाड़ा/बीजापुर/सुकमा की ओर सूचनार्थ ।
08. जिला विकास प्रबंधक, नाबार्ड, क्षेत्रीय कार्यालय जगदलपुर/कोंडागाँव/कांकेर/दंतेवाड़ा की ओर सूचनार्थ ।
09. अतिरिक्त प्रबंधक/मुख्य लेखापाल/मुख्य पर्यवेक्षक/विपणन अधिकारी/आंतरिक अंकेक्षण अधिकारी, प्रधान कार्यालय, जगदलपुर को सूचनार्थ ।
10. नोडल अधिकारी, सी.बी.एस., प्रधान कार्यालय जगदलपुर को सूचनार्थ एवं आदेश की प्रति बैंक की वेबसाइड www.dccbjagdalpur.com, www.jskbjdp.in में अपलोड करने बाबत ।

**क्रमशः ...**

11. क्षेत्रीय अधिकारी, क्षेत्रीय कार्यालय उत्तर बस्तर कांकेर/नारायणपुर/कोण्डागाँव/द.ब. दंतेवाड़ा/बीजापुर/सुकमा की ओर सूचनार्थ ।
12. शाखा प्रबंधक (समस्त), शाखा कार्यालय ........................................................... को सूचनार्थ एवं शाखा कार्यालय के सूचना पटल पर चस्पा हेतु ।
13. व्यक्तिगत नस्ती/आदेश/पे-बिल/भर्ती फाईल ।

(कुंवर सिंह ध्रुव)
मुख्य कार्यपालन अधिकारी